**CBSE Class–3 Hindi**
**NCERT Solutions**
**रिमझिम पाठ- 10. क्योंज़ीमल और कैसे—कैसलिया**

---

**तुम्हारी समझ में क्या आया?**
**प्रश्न 1. गुरु जी थैली में क्या लिए जा रहे थे?**
**उत्तर-** गुरु जी थैली में गेंहूँ पिसवाने के लिए ले जा रहे थे|

**प्रश्न 2. क्योंजीमल और कैसे-कैसलिया से मिलने पर तुम दोनों के बीच क्यों भटकते रह जाओगे?**
**उत्तर-** क्योंजीमल और कैसे-कैसलिया से मिलने पर हम दोनों के बीच में भटकते रह जायेंगे क्योंकि उन दोनों में क्यों और कैसे प्रश्न कभी भी ख़त्म नहीं होंगे|

**प्रश्न 3. शिवदास ने गुरु जी की थैली देखकर अपनी साइकिल क्यों दे दी|**
**उत्तर-** क्योंकि शिवदास ने सोचा कि गुरु जी गेंहूँ की थैली इतना दूर पैदल कैसे ले जाएँगे|

---

**रोटी एक, नाम अनेक**
**प्रश्न 1. रोटी को अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग नाम से पुकारा जाता है| कुछ और नाम पता करके लिखो|**
**उत्तर-** फुल्का चपाती पराठा

**प्रश्न 2. तुम्हारे घर में आटा सानने को क्या कहते हैं?**
**आटा गूँधना आटा गलाना आटा मलना या कुछ और**
**उत्तर-** हमारे घर में आटा सानने को आटा गूँधना कहते है|

**प्रश्न 3. गुरु जी कौन - से आटे की रोटी खाते थे ? अपने साथियो , घर के बड़ों से पता करो कि क्या किसी और चीज़ की रोटी भी बनती है ? उनके नाम लिखो | यदि उनका दाना या बाली मिलती है तो उसे अपनी कॉपी में चिपका दो|**
**उत्तर -** गुरु जी गेहूँ के आटे की रोटी खाते थे| बाजरे, मक्का, ज्वार, जौ, चना की रोटी बनती है|
(**नोट**:- बाजरा, मक्का, ज्वार, जौ, चना के दाने आसानी से मिल जाते हैं इसलिए छात्र दानों को अपनी कॉपी पर स्वयं चिपकाएँ|)

**प्रश्न 4. रोटी केसे बनेगी?**
**आटे को सा नेंगे गेहूँ को पिसवाए ँ गे , आ ग पर फु लाएँगे , त वे पर पकाए ँ गे , चकले पर बेलेंगे, गरम-गरम खाए ँ गे|**
*** नहीं ? तो फिर कैसे ? तो फिर , कैसे?**
**उत्तर -** गेहूँ को पिसवाएँगे, आटे को सानेंगे, चकले पर बेलेंगे, तवे पर पकाएँगे, आग पर फुलाएँगे, गरम-गरम खाएँगे|

**प्रश्न 5. गुरू जी ने कैसे -कैस लिया को समझाया कि आटा कैसे सा ना जाता है | अब तुम घर पर किसी को रोटी बेल ते देखो और लिखो की रोटी कैसे बे ली जाती है|**

**उत्तर -** सने आटे में से थोड़ा-सा आटा लेते हैं फिर उसका गोल-गोल पेड़ा बनाते हैं | उस पर सूखा आटा लगाकर चकले पर रखकर गोल-गोल बेलते हैं|

**प्रश्न रोटी बनाने के लिए कितना कुछ काम करना पड़ता है, जैसे- सानना, बेलना आदि| पता करो और लिखो की इन्हें बनाने के लिए क्या करना पड़ता है-**
***चाय बनाने के लिए**
**उत्तर-** चाय बनाने के लिए एक पतीले में पानी लेकर गैस जलाकर, पतीले को उस पर रखते हैं| उस पानी में चाय की पत्ती डालते हैं| कुछ देर उबलने के बाद दूध और चीनी डालते हैं| उबल जाने पर छलनी से कप में छान देते हैं|

***सब्जी बनाने के लिए**
**उत्तर -** पहले सब्जी छीलते व काटते हैं काटने के बाद धोते हैं| गैस पर कढ़ाई रखकर तेल गर्म करते हैं| गरम तेल में जीरा, प्याज, लहसुन, मसाला आदि भूनकर सब्जी डालकर, थोड़ा-सा पानी डाल कर ढक देते हैं| सब्जी अच्छी तरह पक जाने पर गैस से उतार लेते हैं|

***दाल बनाने के लिए**
**उत्तर -** पहले दाल साफ करते व धोते हैं उसके बाद पतीले में पानी डालकर तथा आँच पर रखते हैं| पानी उबलने पर दाल को उसमें डालते हैं| दाल पानी में अच्छी तरह गल जाए, तो उसको गैस से उतार देते हैं| फिर एक कटोरी में घी डालकर तथा जीरा, प्याज तथा अन्य मसाले डालकर, पकाकर कढ़ाई में छौंक लगाते हैं| इस तरह दाल पकाई जाती है|

***हलवा बनाने के लिए**
**उत्त र-** कढ़ाई को आँच पर रखकर आटा या सूजी डालते हैं| उसमें घी डालकर मंदी आँचपर गुलाबी होने तक भूनते हैं| फिर पानी डालकर धीरे-धीरे हिलाते हैं| गाढ़ा होने पर चीनी डालते हैं| घी छोड़ने पर हलवा तैयार हो जाता है|

***लस्सी बनाने के लिए**
**उत्तर -** पहले दही को किसी गहरे बर्तन में डालकर मधानी से घुमाते हैं| फिर उसमे चीनी मिलाते हैं |इस तरह लस्सी तैयार हो जाती है|

**दाम**
**प्रश्न- नीचे कुछ आटों के नाम लिखे हैं| उनके दाम पता करो|**
**उत्तर-**

| नाम | वज़न | दाम |
|---|---|---|
| मक्की | 1 किलो | 14 रूपए |
| चना | 1 किलो | 17-18 रूपए |

**आस-पास**

**प्रश्न- हम गेंहूँ पिसवाने आटा-चक्की पर जाते हैं| हम इन कामों के लिए कहाँ जाते हैं?**

| **प्रश्न** | **उत्तर-** |
|---|---|
| आटा खरीदने | परचूॅन या चक्की वाले की दुकान पर |
| पंचर बनवाने<br>दूध खरीदने | पंचर लगाने वाले की दुकान पर<br>मदर डेयरी या दी.एम.एस. की दुकान पर |
| जुते की मरम्मत करवाने | मोची की दुकान पर |
| सुराही खरीदने | कुम्हार की दुकान पर |
| कॉपी-किताब खरीदने | स्टेशनरी वाले की दुकान पर |
| बाल कटवाने | नाई की दुकान पर या ब्यूटी पार्लर पर |

**प्रश्न- अपने घर के पास की आटा - चक्की पर जाओ और पता करो कि-**

***वहाँ क्या-क्या पिस ता है?**

**उत्तर -** चक्की पर गेहूँ, बाज़रा, मक्का व चना पिसता है|

*** आटा चक्की किस ची ज़ से चलती है?**

**उत्तर-** आटा-चक्की बिजली से चलती है|

*** दिन में चक्की को कितनी बार रोका जाता है?**

**उत्तर-** दिन में चक्की को तीन-चार बार रोका जाता है|

**कैसे बनेगी रोटी**

**प्रश्न- पाठ्यपुस्तक पृष्ठ-91 पर रसोई की कुछ चीज़ों के चित्र बने हैं उन्हें देखकर बताओ कि रोटी बनाने में कौन-कौन सी चीज़ इस्तेमाल नहीं होती| तो सी चीजों का इस्तेमाल किस काम के लिए किया जाएगा? लिखो|**

**उत्तर-** (चित्र के लिए पाठ्यपुस्तक में देखें)

| **सामान का नाम** | **इस्तेमाल** |
|---|---|
| कप प्लेट<br>लोटा<br>अचार डिब्बा<br>कड़ाही | चाय पीने में<br>पानी पिने में<br>अचार रखने के लिए<br>सब्ज़ी बनाने के लिए |